# जनपद शामली पुलिस

**--सोशल मीडिया सेल शामली--**

**प्रेस विज्ञप्ति** **दिनांक-14.09.2025**

**थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा "ऑपरेशन सवेरा" अभियान के क्रम में 01 मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार कब्जे से अवैध 502 ग्राम चरस बरामदः-**

श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक सहारनपुर परिक्षेत्र सहारनपुर के कुशल नेतृत्व में परिक्षेत्र सहारनपुर के अंतर्गत मादक **पदार्थों/नशे के अवैध कारोबार, प्रतिबंधित दवाओं की तस्करी एवं बिक्री पर प्रभावी रोकथाम** हेतु एक विशेष अभियान **"ऑपरेशन सवेरा : नशे के अंधकार से, जीवन के उजाले की ओर"** चलाया जा रहा है।

इसी अभियान के क्रम में **पुलिस अधीक्षक शामली श्री एन0पी0 सिंह** के कुशल निर्देशन, **अपर पुलिस अधीक्षक शामली श्री संतोष कुमार सिंह** के प्रभावी नेतृत्व तथा **क्षेत्राधिकारी नगर** के निकट पर्यवेक्षण में दिनांक 13.09.2025 को थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा **01 मादक पदार्थ तस्कर शादाब पुत्र निसार निवासी मौहल्ला पंसारियान थाना कोतवाली शामली जनपद शामली को अवैध 502 ग्राम चरस** सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना कोतवाली शामली पर मु0अ0सं0 467/2025 धारा 08/20/29 एनडीपीएस अधिनियम पंजीकृत किया गया है। अभियुक्त शादाब उपरोक्त के मादक पदार्थो तस्करी के अवैध कारोबार के सम्बन्ध में FORWARD AND BACKWARD LINKS की जांच की जा रही है।

**नाम व पता अभियुक्तः-**

- शादाब पुत्र निसार निवासी मौहल्ला पंसारियान थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।

**बरामदगी का विवरण**

- अवैध 502 ग्राम चरस।

**आपराधिक इतिहास अभियुक्त उपरोक्तः-**

1.मु0अ0सं0 467/2025 धारा 8/20/29 एनडीपीएस अधिनियम थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।

2.मु0अ0सं0 246/2023 धारा 323/506 भादवि थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।

3.मु0अ0सं0 343/2025 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।

## गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

- उ0नि0 श्री राकेश कुमार गौतम थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।
- है0का0 नीटू थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।
- है0का0 सुमित कुमार थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।

## पुलिस की अपील

शामली पुलिस जनपद के सभी नागरिकों से अपील करती है कि इस अभियान में सक्रिय सहयोग प्रदान करें। **"नशे के अंधकार से, जीवन के उजाले की ओर"** बढ़ते हुए हम सब मिलकर जनपद शामली को नशामुक्त बनाने का संकल्प लें।



**थाना झिंझाना पुलिस द्वारा "ऑपरेशन सवेरा" अभियान के क्रम में 01 मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार कब्जे से अवैध 22.50 ग्राम स्मैक (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत करीब 2,00,000/-), तस्करी में प्रयुक्त मोटर साईकिल व स्मैक बिक्री से प्राप्त नगदी बरामद-**

श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक सहारनपुर परिक्षेत्र सहारनपुर के कुशल नेतृत्व में परिक्षेत्र सहारनपुर के अंतर्गत मादक **पदार्थों/नशे के अवैध कारोबार, प्रतिबंधित दवाओं की तस्करी एवं बिक्री पर प्रभावी रोकथाम** हेतु एक विशेष अभियान **"ऑपरेशन सवेरा : नशे के अंधकार से, जीवन के उजाले की ओर"** चलाया जा रहा है।

इसी अभियान के क्रम में **पुलिस अधीक्षक शामली श्री एन0पी0 सिंह** के कुशल निर्देशन, **अपर पुलिस अधीक्षक शामली श्री संतोष कुमार सिंह** के प्रभावी नेतृत्व तथा **क्षेत्राधिकारी कैराना** के निकट पर्यवेक्षण में दिनांक 13.09.2025 की रात्रि में थाना झिंझाना पुलिस द्वारा **01 मादक पदार्थ तस्कर सम्मून पुत्र सदाकत निवासी ग्राम बीबीपुर हटिया थाना कैराना जनपद शामली को अवैध 22.50 ग्राम स्मैक (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत करीब 2,00,000/-), तस्करी में प्रयुक्त मोटर साईकिल व स्मैक बिक्री से प्राप्त नगदी** सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना झिंझाना पर मु0अ0सं0 456/2025 धारा 08/21/60 एनडीपीएस अधिनियम पंजीकृत किया गया है। अभियुक्त सम्मून उपरोक्त के मादक पदार्थो तस्करी के अवैध कारोबार के सम्बन्ध में FORWARD AND BACKWARD LINKS की जांच की जा रही है।

**नाम व पता अभियुक्तः-**

- सम्मून पुत्र सदाकत निवासी ग्राम बीबीपुर हटिया थाना कैराना जनपद शामली।

**बरामदगी का विवरण**

- अवैध 22.50 ग्राम स्मैक (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत करीब 2,00,000/-)।
- तस्करी में प्रयुक्त अपाचे मोटर साईकिल बिना नम्बर प्लेट।
- स्मैक बिक्री से प्राप्त नगदी 1600/- रुपये।

**आपराधिक इतिहास अभियुक्त उपरोक्त-**

1.मु0अ0सं0 456/2025 धारा 8/21/60 एनडीपीएस अधिनियम थाना झिंझाना जनपद शामली।

2.मु0अ0स0 184/2023 धारा 323/504/506 भादवि थाना कैराना जनपद शामली।

3.मु0अ0स0 722/2023 धारा 279/304ए भादवि थाना कैराना जनपद शामली।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

- उ0नि0 श्री अजयपाल सिंह थाना झिंझाना जनपद शामली।

- है0का0 योगेन्द्र कुमार थाना झिंझाना जनपद शामली।
- है0का0 अनुज कुमार थाना झिंझाना जनपद शामली।
- है0का0 विकास कुमार थाना झिंझाना जनपद शामली।

**पुलिस की अपील**

शामली पुलिस जनपद के सभी नागरिकों से अपील करती है कि इस अभियान में सक्रिय सहयोग प्रदान करें। **“नशे के अंधकार से, जीवन के उजाले की ओर”** बढ़ते हुए हम सब मिलकर जनपद शामली को नशामुक्त बनाने का संकल्प लें।



**<u>थाना थानाभवन पर संचालित साइबर सेवा केन्द्र द्वारा की गयी कार्यवाही में ठगी के 16,000/- रुपये (शत-प्रतिशत) धनराशि वापस कराई गईः-</u>**

ज्ञात हो आवेदिका श्रीमती बेबी रानी पत्नी प्रेमचन्द निवासी मौ0 रोगनग्राम थाना थानाभवन जनपद शामली बैंक खाते से 16,000/- की अज्ञात व्यक्ति द्वारा ठगी कर ली गयी थी । आवेदिका श्रीमती बेबी रानी उपरोक्त द्वारा दिनाँक 11.03.2025 को साइबर क्राइम पोर्टल पर आनलाईन शिकायत दर्ज करायी गयी थी।

इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक शामली श्री एन0पी0 सिंह के कुशल निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक शामली श्री संतोष कुमार सिंह के प्रभावी नेतृत्व तथा क्षेत्राधिकारी थानाभवन के कुशल पर्यवेक्षण में साइबर सेवा केन्द्र थाना थानाभवन द्वारा तत्परता से कार्यवाही करते हुए सम्बन्धित बैंक को पत्राचार कर आवेदिका श्रीमती बेबी रानी उपरोक्त से ठगी की गई 16,000/-(शत प्रतिशत) धनराशि वापस कराई गई है। आवेदिक श्रीमती बेबी रानी उपरोक्त द्वारा श्रीमान पुलिस अधीक्षक शामली, साइबर सेवा केन्द्र थाना थानाभवन का आभार व्यक्त किया गया है।



**थाना थानाभवन पुलिस द्वारा नाबालिग को बहला फुसला कर ले जाने व दुष्कर्म करने के मामलें में वाछिंत 01 अभियुक्त गिरफ्तारः-**

ज्ञात हो कि थाना थानाभवन क्षेत्रान्तर्गत नाबालिग को बहला फुसलाकर ले जाने के सम्बन्ध में पीडिता के परिजन द्वारा दिनाँक 30.08.2025 को थाना थानाभवन पर लिखित तहरीर दी गयी थी। दाखिला तहरीर के आधार पर थाना थानाभवन पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था।

इसी क्रम में आज दिनाँक 14.09.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री एन0पी0 सिंह के आदेशानुसार चलाये जा रहे महिलाओं के विरूद्ध अपराध की रोकथाम एवं महिला अपराधों से संबंधित वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी थानाभवन के निकट पर्यवेक्षण में थाना थानाभवन पुलिस द्वारा नाबालिग को बहला फुसला कर ले जाने व दुष्कर्म करने के मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना थानाभवन पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम व पता अभियुक्तः-**

1.ममरेज पुत्र मोमीन निवासी ग्राम खामपुर थाना छपार जनपद मुजफ्फरनगर।



**<u>थाना झिंझाना/कोतवाली शामली पुलिस द्वारा वांछित/वारण्टी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में कार्यवाही करते हुए 02 एनबीडब्ल्यू/वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तारः-</u>**

आज दिनांक 14.09.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री एन0पी0 सिंह के आदेशानुसार चलाए जा रहे वांछित/वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थाना झिंझाना/कोतवाली शामली पुलिस द्वारा वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 02 एनबीडब्ल्यू/वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना झिंझाना/कोतवाली शामली पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तगण-</u>**

1.इमरान पुत्र शमीम निवासी मौहल्ला शाहमुबारिक थाना झिंझाना जनपद शामली ।

2.दीपक पुत्र जगपाल निवासी मौहल्ला दयानन्दनगर थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।





**थाना कैराना पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से अवैध देशी शराब के पव्वे बरामदः-**

आज दिनांक 14.09.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री एन0पी0 सिंह के आदेशानुसार चलाए जा रहे अवैध शराब के अपराध में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी/बरामदगी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल पर्यवेक्षण में थाना कैराना पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त को अवैध 22 पव्वे देशी शराब सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कैराना पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-**

1.शाबिर पुत्र सद्दीक निवासी मौहल्ला हाजी कालोनी नई बस्ती नौकुआं थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।

**बरामदगी का विवरणः-**

1.अवैध 22 पव्वे देशी शराब।



SOCIAL MEDIA CELL SHAMLI